हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक ८८ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० २५ सितम्बर २०२३ दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

# यूपी की सभी 80 सीटें जीतेंगे – केशव प्रसाद मौर्य

## केंद्र में फिर बनेगी मोदी सरकार



प्रखर बरेली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए भ्रष्टाचार में डूबे सभी विपक्षी दल एकजुट हो गए हैं। लोकसभा चुनाव में भष्टाचार, परिवारवाद की जमानत जब्त हो जाएगी। बतादे कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की जीत का दावा किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा जीतेगी और केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। केशव प्रसाद मौर्य रविवार को बरेली पहुंचे। उन्होंने मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह व सामाजिक सम्मेलन में 35 शिक्षकों, छात्रों को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए भ्रष्टाचार में डूबे सभी विपक्षी दल एकजुट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने गरीबों और पिछड़ों का शोषण किया है, उनके खिलाफ यह निर्णायक लड़ाई है। चुनाव में भ्रष्टाचार, परिवारवाद की जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता है। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह तो सागर की बूंद जैसा सम्मान है। समुद्र जैसी प्रतिभाओं का सम्मान होना अभी बाकी है। समाज में प्रतिभा की कमी नहीं है। डबल इंजन की सरकार प्रतिभावानों के साथ है। डिजिटल भारत में हर प्लेटफॉर्म पर युवाओं ने नई पहचान बनाई है। यहां तक नासा में 30 फीसदी भारतीयों का योगदान है। आईआईटी संस्थान में ऐसे युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। सरकार को किसानों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

# झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से नवजात शिशु की मौत



प्रखर राजगढ़,मिर्जापुर। राजगढ़ बाजार में अवैध झोलाछाप चिकित्सक की लापरवाही से नवजात शिशु की मौत हो गई। दया चाइल्ड केयर हॉस्पिटल बिना मानक के धड़ल्ले से नवजात शिशुओं के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। दो महीने में दूसरे नवजात की मौत का मामला है। राजगढ़ निवासी रविंद्र कुमार अपने नवजात शिशु के इलाज के लिए दया चाइल्ड केयर अस्पताल में भर्ती किया था।हालत गंभीर होने के बावजूद भी डॉक्टर जबरदस्ती दवा इलाज के नाम पर रोक रखा । बच्चे की हालत बिगड़ने पर परिजन लेकर दूसरे जगह इलाज कराने जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। वापस आकर परिजनों ने दया चाइल्ड केयर हॉस्पिटल पर डॉक्टर के खिलाफ हंगामा करने लगे तो दया चाइल्ड केयर का संचालक मौके से फरार हो गया। परिजनों को दया चाइल्ड केयर हॉस्पिटल का संचालक पैसा देकर मामले को रफा–दफा कर दिया।

बीते 16 सितंबर को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी एवं परियोजना निदेशक की टीम ने दौरा कर क्षेत्र में संचालित हो रहे निजी चिकित्सालय्यों की गहनता से जांच की थी ।उस समय निरीक्षण में दया चाइल्ड केयर हॉस्पिटल बंद पाया गया। जांच में अधिकारियों ने अनौपचारिक बातचीत में बताया था कि बंद कर फरार हुए अस्पताल संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा लेकिन अभी तक इन अवैध एवं फरार हुए अस्पताल संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। निरीक्षण करने वाले अधिकारियों के जाते ही फिर इनके हॉस्पिटलों के शटर खोलकर अपने अवैध कामों के अंजाम देने में लग गए।दया चाइल्ड केयर हॉस्पिटल दूसरे डॉक्टर के नाम पर रजिस्ट्रेशन हुआ है। लेकिन रजिस्ट्रेशन धारक डॉक्टर कभी भी नहीं बैठते हैं। जानकारी के अनुसार बीते दिनों रिनुअल के लिए अप्लाई किया था लेकिन संभवत अभी तक नहीं हुआ है।ऐसे में यह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मेहरबानी से अवैध हॉस्पिटल संचालित हो रहा है। बच्चों के इलाज, दवा के नाम पर यह डॉक्टर कई नवजात शिशुओं की जान ले चुका है फिर भी इसके ऊपर कोई आंच नहीं आई। जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग की अधिकारियों की मिली भगत से यह गोरख धंधा राजगढ़ क्षेत्र में धड़ले से संचालित हो रहा है।स्वास्थ्य विभाग ऐसे डॉक्टर पर मेहरबान है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पवन कुमार कश्यप ने बताया कि बीते 6 महीने पहले दया चाइल्ड केयर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया था जिसकी रिपोर्ट जिले के उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। और जांच का जिम्मा अब जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के ऊपर है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि बीते दिनों क्षेत्र में किए गए निरीक्षण में अभी जांच चल रही है ।नवजात शिशु के मृत्यु के सवाल पर बताया कि अभी संज्ञान में नहीं है जानकारी मिली है। इस प्रकार के हास्यास्पद बयान कहीं ना कहीं मिली भगत की ओर इशारा करते हैं। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों के प्रति भी आक्रोश जताया है कि अगर जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं को देखकर अंजान हैं तो आने वाले चुनाव में इनको खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों की मेहरबानी से राजगढ़ क्षेत्र की जनता ऐसे अवैध अस्पताल संचालकों से त्रस्त आ चुकी है। अधिकारियों के रवैए से आम जनमानस में डबल इंजन की सरकार की छवि खराब हो रही है। सरकार की छवि को धूमिल करने में वाले ऐसे अधिकारियों के खिलाफ भी जनता ने कार्रवाई की अपील की है।देखना अब यह होगा कि नवजात शिशु की जान लेने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई होती है या मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।


# केराकत पब्लिक इंटर कॉलेज में फर्जी क्लर्क नियुक्ति मामले में माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दर्ज कराया एफआईआर

## वेतन भुगतान के लिए मामला पहुंचने पर खुला भेद








कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

प्रखर केराकत जौनपुर। पब्लिक इंटर कॉलेज केराकत जौनपुर में फर्जी क्लर्क की नियुक्ति का मामला उजागर हुआ है. वेतन भुगतान के लिए मामला पहुंचने पर भेद खुला तो आननफानन माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है. जानकारी के अनुसार क शिक्षा परिषद के सचिव के फर्जी लेटर हेड व हस्ताक्षर से एडेड विद्यालय में क्लर्क के पद पर नियुक्ति का मामला सामने आया है. जब इस मामले की जांच की गई तो पता चला कि जिस अभ्यर्थी को नियुक्ति दिया गया है उसने गलत तरीके से सचिव का फर्जी लेटर हेड तैयार करवा कर नियुक्ति पत्र बनवाया है. मामला संज्ञान में शिक्षा सचिव के फर्जी हस्ताक्षर करके लेटर हेड पर जारी कर दिया नियुक्ति पत्र.बता दें, माध्यमिक शिक्षा परिषद के फर्जी लेटर हेड पर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के स्कैन किए गए हस्ताक्षर से राजीव रतन सिंह पुत्र संजय सिंह ग्राम विरमपुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश के नाम से पब्लिक इंटर कॉलेज केराकत जौनपुर विद्यालय में क्लर्क के पद पर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी किया त शुक्ला ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में क्लर्क अथवा किसी अन्य पद पर नियुक्ति नहीं की जाती है. जो नियुक्ति पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के लेटर हेड पर मुद्रित किया गया है. वह पूर्ण रूप से फर्जी व परिषद कार्यालय द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाला लेटर हेड नहीं है. साथ ही निर्गत फर्जी नियुक्ति पत्र में जो प्राप्तांक संख्या यूपीएस 821 मुद्रित है वह भी परिषद कार्यालय का प्राप्तांक नहीं है.माध्यमिक शिक्षा सचिव के फर्जी हस्ताक्षर करके लेटर हेड पर जारी किया नियुक्ति पत्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव का कहना है कि अभियुक्त द्वारा फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर विद्यालय में क्लर्क के पद पर ज्वाइन कर लिया गया था. वह बीते कुछ महीनों से वहां पर काम कर रहा था. जब उसके वेतन भुगतान के लिए जरूरी कागजात विद्यालय के अन्य शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भेजे गए. तब वहां पर इस मामले का खुलासा हुआ. उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित सहायता प्राप्त विद्यालयों में क्लर्क व चपरासी पदों पर नियुक्ति बीते कुछ सालों से बंद है. ऐसे में इस विद्यालय में कब और किस आधार पर क्लर्क की नियुक्ति की गई. जब सक्षम अधिकारियों ने इस पूरे मामले की जांच की तो पता चला यह मामला पूरी तरह से फर्जी है. इसके बाद इस मामले में आरोपी सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है.

# जौनपुर के बदलापुर क्षेत्र फिर गरजी गोलियां मेडिकल स्टोर संचालक हुआ घायल



**पुलिस एफआईआर दर्ज कर हमलावर की शुरू की तलाश**

प्रखर जौनपुर। जिले के थाना कोतवाली बदलापुर क्षेत्र के वीरपालपुर मोड़ के पास शनिवार रात एक मेडिकल स्टोर संचालक को बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। एक गोली उसके हाथ में लगी। बावजूद इसके उसने हिम्मत दिखाई और खेत के रास्ते होते हुए घर पहुंच गया। अपराधियों ने उसका पीछा भी किया। लेकिन, गांव के लोगों को देखकर अपराधी वहां से भाग निकले। घायल मेडिकल स्टोर संचालक को रात में ही सीएचसी पहुंचाया गया। पुलिस ने रविवार को भाई की तरहरीर पर दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। खुटहन थाना क्षेत्र के जगजीवनपट्टी गांव निवासी अरविंद तिवारी(44) रामनगर बाजार में मेडिकल स्टोर चलाते हैं। प्रतिदिन की तरह बीती रात वह मेडिकल स्टोर बंद कर बाइक से घर जा रहे थे।

वीरपालपुर मोड़ के पास पीछे से पहुंचे बाइक सवार बदमाशों ने लक्ष्य कर गोली मार दी। गोली अरविंद के दाहिने हाथ में लगी और छर्रा पेट में भी जाकर लगा। जिससे वह बाइक लेकर गिर पड़े। हमलावर घटना के बाद फरार हो गए। इसके बाद अरविंद खेत के रास्ते घर पहुंचे, जहां परिजन देखकर दंग रह गए। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इनको उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया। यहां से बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक खुटहन योगेंद्र सिंह सीएचसी बदलापुर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए। घटना घनश्यामपुर पुलिस चौकी से 500 मीटर दूर समरत्थी शिक्षण संस्थान के सामने की है। रविवार को भाई आनंद तिवारी की तहरीर पर बदलापुर कोतवाली में दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके पूर्व भी अरविंद तिवारी के साथ दिसंबर 2022 में बदमाशों ने वीरपालपुर के पास तमंचा सटा दिया था। बदलापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने बताया कि प्रकरण में दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रेमी को पीटता देख शादीशुदा प्रेमिका बोली कोई पत्थर से ना मारे मेरे दीवाने को.. इसके बाद पति ने कहा जा जी ले अपनी जिंदगी!



प्रखर एजेंसी। 70 के दशक में आई फिल्म 'लैला–मजनू' तो आप सभी ने देखी होगी। उसका गाना३ कोई पत्थर से न मारे दीवाने को३। अब ऐसा ही एक मामला उत्तर प्रदेश के देवरिया से सामने आया है। विवाहित महिला से मिलने के लिए उसका प्रेमी घर पहुंच गया। ससुराल वालों ने रंगेहाथ पीटा तो विवाहिता गिड़गिड़ाने लगी। पत्नी को इस हाल में देख पति भी पसीज गया और सर्व समाज के सामने बड़ा फैसला ले लिया। बोल दिया कि जा जी ले अपनी जिंदगी...। मामला पूरे इलाके में चर्चाओं का विषय बन गया है। जानकारी के मुताबिक मामला देवरिया जिले के बरियारपुर का है। बताया गया है कि एक महिला का शख्स से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी दौरान महिला की दूसरे शख्स के साथ शादी हो गई, लेकिन शादी के बाद महिला अपने प्रेमी को भुला न पाई। दोनों ने अपने प्यार का दीया जलाए रखा। चोरी–छिपे दोनों मिलते रहे। हाल ही में प्रेमी महिला से मिलने के लिए पहुंच गया। शख्श जैसे ही अपनी शादीशुदा प्रेमिका के पास पहुंचा तो ससुराल वालों ने दोनों को कमरे में रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद प्रेमी की जमकर पिटाई लगाई। प्रेमी को पिटता देख विवाहिता अपने प्रेमी से बिनती करने लगी। उसकी जान की भीख मांगने लगी। पति के पैर पकड़ लिया। ये देख पति की नफरत दया में बदल गई। उसने पत्नी को उठाया और परिवारव समाज के सामने बड़ा फैसला ले लिया। विवाहिता के पति ने प्रेमी के घरवालों को बुलाया। घर में पंचायत हुई। प्रेमी और विवाहिता से उनकी रजामंदी पूछी गई। जैसे ही दोनों ने एक दूसरे के साथ रहने की बात जाहिर की वैसे ही पति ने दोनों की शादी कराने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद पति ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी की शादी करा दी। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में पुलिस से कोई भी शिकायत नहीं की गई है।

# ग्रामीणों ने खराब सड़क पर धान बोकर गड्ढा मुक्त सड़क का खोला पोल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जहां उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सूबे में दूसरी बार बन चुकी है और मुख्यमंत्री का गड्ढा मुक्त सड़क का दावा इस मुख्य सड़क पर फेल नजर आ रहा है। जमानिया विधानसभा क्षेत्र के निरहू का पूरा से लेकर दिलदारनगर देवल मार्ग तक की जाने वाली सड़क में इतने गढ्ढे हैं, जिससे सड़क तालाब बन चुकी है। न सड़क है न ही जल निकासी का कोई साधन। स्थानीय ग्राम वासियों ने आखिर कार नाराजगी दिखाते हुए सड़क पर धान की बुवाई कर प्रतीकात्मक विरोध किया है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 18 सौ मीटर की ये सड़क खराब होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है लेकिन कार्यदाई संस्थाएं और विभागीय अधिकारी कुछ नहीं कर पा रहे। ग्रामीणों की माने तो इसी सड़क किनारे निरहू का पूरा प्राथमिक विद्यालय भी है, जिसमें आसपास के गांव के लोगो के बच्चे पढ़ने जाते हैं रोज कई बच्चे गड्ढे में गिरकर घायल हो जाते हैं तो कभी स्कूल का बैग गिरकर भींग जाता है। ऐसे में आज लोगों ने सड़क के गड्ढे के पानी में धान की बोआई कर प्रशासन व सरकार को आईना दिखाया है और सरकार से सड़क शीघ्र अति शीघ्र बनवाने की मांग की है।

# भारत में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं –सुरेश सिंह बैस शाश्वत

भारत जितना सुंदर है उतना ही अनोखा और आकर्षक है। शायद इसी लिये भारत में पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ा और फला–फूला। देशी विदेशी सभी सैलानी यहां पर्यटन की ओर उन्मुख हुये हैं। हाँ कुछ अपवाद भी है जो इन्हें फलने फूलने में बाधा पहुँचाता है जैसे आतंकवाद व स्थानीय लोगों का व्यवहार आदि। पर फिर भी पर्यटन पर आज लोगों का रुझान बढ़ा ही है, घटा नहीं है। भारत सरकार ने भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये अनेक महती योजनाएँ बनाई और कार्यान्वित की है। एक जमाना था षगया को गया सो गयाष जैसी कहावतें खूब प्रचलित थीं। तब घूमना फिरना कुछ गिने चुने लोगों का ही सौभाग्य माना जाता था। उस समय दुनियाँ तय करने के साधन नहीं थे और लोग हजारों किलो मीटर पैदल यात्रा करते थे। पर आज स्थितियाँ बिलकुल बदल गई हैं। परिवहन में तेजी से तकनीकी क्रांति आई है जिससे पर्यटन हर वर्ग के लोगों के लिये आसान हो गया है। पर्यटन के अनेक पहलू हैं जैसे

सांस्कृतिक पर्यटन, रोमांच और खेलकूद पर्यटन, सम्मेलन पर्यटन, ट्रैकिंग पर्यटन, समुद्रतट और वन्य प्राणी पर्यटन, धार्मिक पर्यटन आदि। पहले भारत में पर्यटन की कोई खास अहमियत नहीं थी। लेकिन आज यह तेजी से बढ़ने वाला उद्योग बन चुका है, और राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था में अपनी खास भूमिका रखता है। भारत एशिया का पहला देश है जिसने पाँचवे दशक की शुरुआत में ही पर्यटन को एक व्यवसाय के रुप में बल दिया था, पर खेद की बात है कि दूसरे देश जिन्होंने बहुत बाद में पर्यटन को महत्व देना शुरु किया वे इससे आगे निकल गये। संसार के लगभग 42 करोड़ 9 लाख पर्यटकों में से भारत में केवल लगभग 4.4 प्रतिशत पर्यटक ही आते हैं। जो हमारे लिये खास प्रगति का कोई सूचक नहीं होना चाहिये। भारत में पर्यटन जहाँ एक ओर सामाजिक और आर्थिक लाभ का स्त्रोत है, और राष्ट्रीय एकता और अंतर्राष्ट्रीय मेलमिलाप को

## उ.प्र.विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच के आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रखर,मऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक माननीय सभापति श्री उमेश द्विवेदी जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मऊ में संपन्न हुई। इस बैठक में जनपद में आपदा से संबंधित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वन एवं लाभान्वित लोगों के संबंध में गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान माननीय सभापति महोदय के अलावा माननीय सदस्य श्री लाल बिहारी यादव, श्री बाबूलाल तिवारी एवं श्री सुरेन्द्र चौधरी जी ने जिले के सभी अधिकारियों से नदी में बाढ़ की स्थिति, नाव दुर्घटना, आकाशीय बिजली, आंधी तूफान सर्पदंश, आगजनी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान माननीय सभापति ने आपदा के दौरान घायलों हेतु राहत अनुदानों को प्रदान करने के निर्देश दिए, साथ ही नदी के डूब वाले क्षेत्रों में साइन बोर्डध्चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा, जिससे डूब कर मरने वालों की संख्या में कमी लाई जा सके। उन्होंने आगजनी के दौरान बचाव हेतु फायर ब्रिगेड के दूरभाष नंबर को भी आम जनमानस में प्रचार प्रसार करने को कहा, जिससे आगजनी के दौरान धन–जन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने आकाशीय विद्युत से बचाव हेतु समस्त अधिकारियों को दामिनी ऐप डाउनलोड कराने के भी निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान समिति द्वारा जिला अस्पताल सहित अन्य समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केदो का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए गए। समिति ने सरकारी अस्पतालों में नियमित साफ सफाई, मरीजों को गुणवत्ता युक्त भोजन की उपलब्धता तथा उपलब्ध दवाओं की सूची अपडेट रखने के साथ ही अस्पतालों के बाहर सूची चस्पा करने के भी निर्देश दिए। माननीय सभापति महोदय ने समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केदो पर उपलब्ध सर्जनों एवं उपकरणों के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी लेते हुए इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। सर्पदंश के मामलों में पुलिस की मौजूदगी में ही पंचनामा करने के निर्देश समिति द्वारा दिए गए, जिससे सर्पदंश से प्रभावित लोगों को राहत अनुदान मिलने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।पीएम किसान सम्मान निधि में कुछ लोगों की ई केवाईसी लंबित होने पर उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्त किसानों का सत्यापन करने के निर्देश दिए, जिससे समस्त पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल सके। समिति ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभ दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान समिति द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में बाउंड्री वॉल एवं स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समिति ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत योग्य बच्चों का प्राइवेट स्कूलों में अधिक से अधिक दाखिला सुनिश्चित करने के भी निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। इस संबंध में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु समिति द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया।इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों की समय सारणी के अनुकूल ही कोचिंग संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिला जिला विद्यालय निरीक्षक को समिति द्वारा दिए गए। समिति ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को आपदा से संबंधित जानकारियां विद्यालयों में अध्यनरत छात्रों से साझा करने के साथ ही आपदा के संबंध में जागरूकता फैलाने हेतु अतिरिक्त प्रयास करने के भी निर्देश दिए। विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान समिति द्वारा विजिलेंस एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीमों द्वारा चेकिंग के दौरान मनमानी ढंग से बिजली बिल का निर्धारण करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इस पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिए गए। नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान समिति ने नगरीय क्षेत्रों में नियमित साफ सफाई करने, एंटी लार्वा का छिड़काव करने के साथ ही नियमित फॉगिंग के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई एवं छिड़काव कार्य हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को भी समिति द्वारा निर्देशित किया गया।बाढ़ के दौरान बार–बार क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों के स्थाई निदान के दृष्टिगत समिति ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को बेहतर कार्य योजना तैयार कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा, जिससे हर साल सड़कों के पुनर्निर्माण पर होने वाली लागत को न्यूनतम किया जा सके। आपदा प्रबंधन से जुड़े समस्त विभागों द्वारा बेहतर कार्य योजना तैयार कर किए गए प्रयासों का समिति ने सराहना करते हुए और सुधार हेतु अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए, जिससे आपदा के दौरान होने वाले धन–धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

## ले लिया भी नाम !

**कृष्णेन्द्र राय**



बोला बड़ा हमला ।
ले लिया भी नाम ।।
लेकर के कमीशन ।
कर रहे वो काम ।।
कर रहे विरोध वो ।
बनाने को सरकार ।।
दे रहे भी लिस्ट ।
सबकी इस प्रकार ।।
जनता का समर्थन ।
हैं बोले इस बार ।।
अब हमारी लगता ।
है उसको दरकार ।।
हैं पूरे आवेश में ।
बैठें दिल को थाम ।।
बढ़ रहा अपना भी ।
हर तरफ अब नाम ।।

## द शिवा प्रोडक्शन के बैनर तले मिस इंडिया क्वीन कॉन्टेस्ट का आयोजन

**द शिवा प्रोडक्शन का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाना – अभिषेक जायसवाल**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सूसुवाही, हैदराबाद गेट स्थित एक होटल सभागार में 24 सितम्बर रविवार कों द शिवा प्रोडक्शन के बैनरतले मिस इंडिया क्वीन कॉन्टेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अभिनेता आकाश गहरवार ने कार्यक्रम के आयोजक अभिषेक जायसवाल व प्रोडक्शन टीम के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की द्य उक्त अवसर पर अभिषेक जायसवाल ने मुख्य अतिथि व जजस का अभिवादन करते हुए कहा कि मॉडलिंग एक ऐसा क्रिएटिव करियर है जहां आपको ग्लैमर, फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में नाम और पहचान बनाने का मौका मिलता है मॉडलिंग फील्ड में फिजीक, लुक और स्मार्ट होना बहुत जरूरी है बहुत से लोग सोचते हैं कि केवल रैंप वाक करने वाले लोगों को ही मॉडल कहा जाता हैं जबकि वह मॉडलिंग के क्षेत्र का एक छोटा सा पार्ट होता हैं । आगे अभिषेक जायसवाल कहते हैं कि द शिवा प्रोडक्शन कों लॉन्च करने का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाना है क्योंकि स्त्री और पुरुष में समानता की बात करने वाले आज के आधुनिक समाज में भी कहीं कही महिलाएं अनेक समस्याओं से जूझ रही हैं जिसमें मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न है कारण यह कि महिलाओं को आज भी समाज में पुरुष वर्ग से पीछे समझा जाता है आज जरूरत है कि महिलाएं आगे बड़ें और इन समस्याओं को पीछे छोड़कर समाज में प्रेरणा बनकर आगे आएं। उक्त मौके पर जज के रूप में के शहबान खान, उमंग श्रीवास्तव रहे व टीम में आंचल कुमारी, सौम्या, मुस्कान, प्रिंस उपस्थित रहे

## रामनगर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

प्रखर रामनगर वाराणसी। भाजपा मंडल रामनगर ने संत विनोबा बंगाली भाई पैलेस में बूथ संख्या 396 पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने सुना साथ ही मंडल के बूथों पर कार्यकर्ताओं ने देश के यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात के 105 वें एपिसोड कार्यक्रम सुना जिसमे देशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा, ष27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस ,भारत की धरती पर ,ळ20 में इंडिया–मिडिल ईस्ट–यूरोप कॉरिडोर का सूत्रपात, एवम वैश्विक धरोहरों की संख्या 42 हो गई है। साथ ही जंगली जीवन की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा, ष्बीते कुछ वर्षों में देश में शेर, बाघ, तेंदुआ और हाथियों की संख्या में उत्साहवर्धक बढ़ोतरी, एवं यूपी के संभल जिले के लोगों ने जनभागीदारी और सामूहिकता की मिसाल कायम की है। 70 गांवों ने एकजुट होकर सोत नदी को पुनर्जीवित किया है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह डॉ अनुपम गुप्ता नंदलाल चौहान मधुकर पांडेय सर्वेंद्र विक्रम सिंह सतेंद्र सिंह पिंटू अमित सिंह चिंटू प्रशांत सिंह प्रिती सिंह जितेंद्र

## यूथ कांग्रेस में सदस्यता अभियान के बाद चुनाव होगा



प्रखर मिर्जापुर। 24 सितंबर को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यलय मिशन कंपाउंड पर युवा कांग्रेस के जेड आर ओ प्रकाश कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान चालू होगा फिर उसके बाद चुनाव होगा इसी क्रम में मिर्जापुर में भी चुनाव कराया जाएगा। श्री कुमार ने बताया की युवा कांग्रेस में अब मनोनयन प्रक्रिया को समाप्त कर चुनावी प्रक्रिया की शुरुवात कर दिया गया है। इस क्रम में उन्हें सोनभद्र, मिर्जापुर ,चंदौली, जौनपुर और वाराणसी में चुनाव व सदस्यता कराने की जिम्मेदारी भारतीय युवा कांग्रेस के इलेक्शन कमीशन द्वारा दिया दिया गया है। जनपद में ज्यादा से ज्यादा युवा जो 18 से 35 वर्ष के आयु के बीच हो सदस्यता करा कर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा महासचिव, जिला महासचिव जिला उपाध्यक्ष, विधानसभा उपाध्यक्ष व प्रदेश सचिव पद के लिए चुनाव कराया जाएगा, श्री प्रकाश ने बताया की जो भी इच्छुक युवा है वो 22 सितंबर से 29 सितंबर को शाम 5 बजे तक ऑन लाइन ूपजी पलब उवइपस बचसपबजंपद के माध्यम से अपना उम्मीदवारी के लिए आवेदन दाखिल कर सकते है। 10 अक्तूबर से 8 नवम्बर तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, और 9 नवंबर को मेंबरसिप पेमेंट शाम 5 बजे तक बंद कर दिया जायेगा। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक एवं मीडिया प्रभारी छोटे खान ने कहा कि यूथ कांग्रेस के सदस्यता अभियान में युवाओं को बढ़ चढ़ के भाग लेना चाहिए तभी कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को बीजेपी के जनपद कार्यकर्ताओं ने हर बुथ पर सुना



प्रखर,मऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम के तहत देशवासियों को संबोधित किया गया। जिसे जनपद के स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर बूथ पर सुना। यह इस कार्यक्रम का 105 वां संस्करण था। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो न्यूज और मोबाइल एप पर प्रसारित किया गया। जनपद के रतनपुरा मण्डल में बूथ संख्या 432 पर भाजपा जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम साथ बैठकर सुना। प्रधानमंत्री ने ळ 20 शिखर सम्मेलन, चंद्रयान 3 की सफलता,भारत–मिडिल ईस्ट और यूरोप में शिपिंग कॉरिडोर पर समेत कई विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी कहा कि जी20 के उस मंजर को देश नहीं भूल सकता जब दुनियाभर के नेता बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित करने राजघाट पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में इंडिया मीडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमी कोरीडोर पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत ने अफ्रीकी संघ को ळ 20 ब्लॉक का पूर्ण सदस्य बनाकर अपने नेतृत्व का प्रदर्शन किया शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तावित भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारा सैकड़ों वर्षों के लिए विश्व व्यापार का आधार बनेगा।

उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि चंद्रयान–3 की सफलता के बाद ळ–20 के भव्य आयोजन ने हर भारतीय की खुशी दोगुनी कर दी। इसरो के यूट्यूब चौनल पर 80 लाख लोगों ने इस पूरी घटना को देखा। ये अपने में ही एक रिकॉर्ड है। पीएम ने कहा कि गांधी जयंति को लेकर पूरे देश में स्वच्छता से संबंधित बहुत सारे काम प्लान किए गए हैं। 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता पर बड़ा आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने हाल ही विश्व धरोहर में शामिल हुए मंदिरों का जिक्र करते हुए कहा कि अत्यंत गर्व की बात है कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर से जुड़े शांतिनिकेतन और कर्नाटक के होयसल मंदिरों को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है ।भारत का प्रयास है कि हमारे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थानों को विश्व धरोहर स्थलों के रूप में मान्यता मिले। पीएम मोदी ने 105वें एपिसोड में शिक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे देश में शिक्षा को एक सेवा के रूप में देखा जाता है,नैनीताल जिले में युवाओं ने बच्चों के लिए एक अनोखी श्घोड़ा लाइब्रेरीश शुरू की है। सबसे दूरदराज के इलाकों में भी बच्चों तक किताबें पहुंच रही हैं और इतना ही नहीं, यह सेवा बिल्कुल मुफ्त है। मन की बात कार्यक्रम पर जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा की प्रधानमंत्री के मन की बात देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में कभी राजनीति पर बात नहीं की, उन्होंने हमेशा राष्ट्र की बात की समाज की बात की। 'मन की बात' कार्यक्रम से हमें एक दिशा मिलती है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में भारत के तेजी से विकास पथ पर बढ़ने की चर्चा की। प्रधानमंत्री के मन की बात सुनकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखे, उन्होंने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम से उन्हें एक नई ऊर्जा मिलती है ।इस अवसर पर रामाश्रय मौर्य कृष्णा राजभर भगवानदास गुप्ता विनय कुमार कृष्ण कांत राय दुर्गेश वर्मा अवधेश सोनकर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग का उपभोक्ता के द्वार अभियान पहुंचा टाउनहॉल, अधीक्षण अभियंता ने जाना कैंप का हाल, कर्मचारियों को दिया निर्देश



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विद्युत विभाग उपभोक्ता के द्वार के इस अभियान के तहत उपभोक्ताओं के विद्युत आपूर्ति, मीटरिंग बिलिंग, राजस्व संग्रह में आ रही समस्याओं को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे बेहतर उपभोक्ता सेवा प्रदान की जा सके। इसी कड़ी में विद्युत विभाग का कैंप शहर क्षेत्र के टाउन हॉल पर लगाया गया, जिसमे इस अभियान के तहत 110 लोगो का घर के अंदर से मीटर बाहर लगाया गया वही सभी लोग अंदर से बाईपास करके विद्युत उपभोग करते हुवे पकड़े गए, जिनको अंतिम चेतावनी देते हुवे भविष्य में दोबारा चोरी ना करने की सलाह दी गई। वही अधीक्षण अभियंता पुरनचंद्र ने बताया कि टाउन हॉल पर रौजा उपकेंद्र की टाउन नंबर 2 फीडर की लाइट जाती है, जिसमे सबसे ज्यादा लाइन लॉस इसी फीडर पर है, जिनमे हमारे विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पिछले पांच दिनों से विद्युत विभाग उपभोक्ता के द्वार के तहत कांबिंग किया जा रहा है, जिसमे इस मुहल्ले में लगभग 92: विद्युत चोरी हो रही है, जिसमे ऐसे लोगो के खिलाफ सघान चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वही विजिलेंस टीम को भी निर्देशित कर दिया गया है कि दिन रात कभी भी इस फीडर पर रेड डालकर विद्युत चोरी करने वाले के खिलाफ सीधे विद्युत चोरी में एफआईआर दर्ज कराया जाय। वही विद्युत चोरी करते हुवे पकड़े गए उपभोक्ताओं का राजस्व निर्धारण तत्काल बनाकर भेजा जाय ताकि सही उपभोक्ताओं को हम सही से विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से दे सके एवं लाइन लॉस में कमी हो सके। वही यह अभियान अनवरत चलता रहेगा जब तक की लाइन लॉस 90 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत न हो जाय।

आज के कैंप में मुख्य रूप से मीटर एक्शियन प्रदीप त्यागी, शहर एसडीओ सुधीर कुमार, रौजा जेई, अश्वनी पटेल, सुपरवाइजर विनय तिवारी, शिवशंकर कश्यप, जीएमटी अश्वनी सिंह, वेदांत त्रिपाठी, अजय विश्वकर्मा, अरविंद राज सहित समस्त विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

## बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने वितरित किया आयुष्मान भारत योजना और आधार कार्ड



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों का अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने और लाभार्थियों में वितरित करने के कार्यक्रम के तहत रविवार को बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने मोहम्मदाबाद स्थित शंकर कोल्ड स्टोरेज में आयुष्मान कार्ड के साथ ही साथ पंडित दीनदयाल कैशलेस कार्ड के तहत आभा कार्ड लाभार्थियों में वितरण किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के अधीक्षक डॉ. आशीष राय ने बताया कि शासन के द्वारा शत प्रतिशत आबादी का आभा कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य है। जिसके तहत उनके ब्लॉक में आभा कार्ड बनाए जाने का कार्य जोरों शोर पर चल रहा है। इस कार्ड के जरिए लाभार्थियों का चिकित्सीय रिकॉर्ड दर्ज होता है। जिस किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक मरीज का ऑनलाइन रिकॉर्ड देखकर उनका इलाज कर सकता है। इसके अलावा भारत सरकार के द्वारा आयुष्मान कार्ड जिसके लाभार्थियों को 5 लाख तक का निशुल्क का इलाज कि सुविधा दी गई है और शासन का निर्देश है कि शत प्रतिशत लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड वितरण किया जाए। इसी के क्रम में बलिया के सांसद वीरेंद्र मस्त के द्वारा लाभार्थियों में आभा कार्ड और आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने बताया की आयुष्मान भारत योजना में कार्ड बनने के दिन से ही पूर्व के बीमारियों के इलाज का लाभ लाभार्थी उठा सकता है। आगे उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड पाने के बाद लाभार्थियों में उत्साह देखने को मिला। कारण की कई लाभार्थी के परिजन का इलाज चल रहा है और इस कार्ड के जरिए उन्हें चिकित्सा करने में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निजी चिकित्सालय में प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का निशुल्क चिकित्सा की सुविधा है। इसके अलावा यह सुविधा उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आबद्ध निजी चिकित्सालय में भी सुविधा मिल सकती है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ के लिए भारत सरकार के द्वारा एक टोल फ्री नंबर 1800 1800 4444 14555 भी जारी किया गया है। जिस पर फोन करके इस योजना के संबंध में अधिक जानकारी पाया जा सकता है।

# घटना के 10 माह बाद सर्विलांस के सहारे दबोचे गए लुटेरे



प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने हाइवे पर लूट करने वाले चार अभियुक्तों में से दो अभियुक्तों को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के 10 माह बाद सर्विलांस के सहारे लुटेरों को पुलिस ने दबोचा। एसीपी पिण्डरा के नेतृत्व में फूलपुर पुलिस नें संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन की चेकिंग के दौरान रामपुर हाइवे अंडर पास के पास से रविवार को लूट की एक मोटर साइकिल के साथअभियुक्त अनीश यादव पुत्र नन्हेलाल निवासी ग्राम बर्जी तथा सोहम मिश्र उर्फ टेंडर पुत्र रंगीले मिश्रा निवासी ग्राम थाने, थाना फूलपुर को गिरफ्तार कर उनसे कड़ाई से पूछताछ की तो बताया कि यह मोटर साइकिल चोरी की है। पकड़े जाने के डर से हम लोग इसका नंबर प्लेट बदल दिए है। इस गाड़ी को हम दोनो के अलावा प्रदीप गौड़ पुत्र रविंद्र गौड़ निवासी बर्जी तथा किशन राजभर पुत्र रमेश राजभर निवासी असवारी कुआर ने साथ मिलकर सिंधुरिया–नागापुर हाईवे कट के पास से पिछले साल दिसंबर के महीने में मोटर साइकिल से जा रहे व्यक्ति को बांस से मारकर घायल कर मोटर साइकिल और मोबाइल फोन लूट कर भाग गए थे। अनीश यादव के ऊपर केराकत जौनपुर में पहले लूट तथा फूलपुर में मारपीट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को धारा 394,325,411,473 के तहत जेल भेज दिया। उनके पास से लूट की बाइक बरामद की। घटना का पर्दाफाश करने वालो में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत,उ0नि0 श्री शेषनाथ गोंड़, राजेश सिंह, विवेकानंद द्विवेदी तथा प्रशिक्षु उपनिरीक्षक राम सिंह यादव रहे। वही सर्विलांस टीम के हे0का0 संतोष सरोज व मंटू सिंह व मनीष सिंह शामिल रहे।

# आरपीएफ द्वारा चलाया गया समपार जागरूकता अभियान



प्रखर,मऊ। इन्दारा – वाराणसी–गोरखपुर रेल खंड के इंदारा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ चौकी प्रभारी हृदयानंद तिवारी के द्वारा रविवार की सुबह को इंदारा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी समपार (सख्या 4 स्पेशल) फाटक पर सावधानी पूर्वक पार करने के बारे में 200 लोगों जागरूक किया। अभियान के तहत रेलवे क्रॉसिंग पार करने से पूर्व सड़क उपयोगकत्ताओ एवं वाहन चालकों को जागरूक किया गया ताकि रेलवे क्रासिंग पर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान गेट पर उपलब्ध लोगों के बीच बताया गया कि वह जब रेल फाटक गिरा हो तो कतई रेल फाटक पार ना करें। फाटक बंद रहने के दौरान किसी तरह की साइकिल मोटरसाइकिल को पार करने की कोशिश ना करें स गेट फाटक से समान दूरी बनाकर गेट खुलने का इंतजार करे स लोगों को यह भी बताया गया कि फाटक बंद होने पर अनावश्यक गैटमैन पर फाटक खोलने का दबाव न बनाए। फाटक बंद होने से पहले एक अलार्म बजता है अलार्म बजते ही अपने वाहन को सड़क के किनारे साइड में लगा ले।फाटक खुलने का इन्तजार करें। जल्द बाजी में वाहन पार करने की कोशिश ना करें। जो दुर्घटना का कारण बन सकता है। उन्होने बताया कि दुर्घटना कभी बोल कर नही आती हमें सदैव दुर्घटना से बचने के लिए सतर्क रहना होगा। अभियान में सुनील कुमार यादव, एनएन तिवारी आरक्षी शामिल रहे।

# मुफ्तीगंज में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर मरीजों को वितरित की गई दवाएं



प्रखर जौनपुर। प्रदेश भर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा जिसमें विभिन्न मण्डलों और अस्पतालों में स्वास्थ्य कैम्प लगवाकर आगंतुक मरीजों का निशुल्क जाँच और दवा वितरण कराया जा रहा। जनपद जौनपुर के मुफ्तीगंज ब्लॉक में भी रविवार 24 सितम्बर को सरकारी चिकित्सालय पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मछलीशहर के जिला उपाध्यक्ष श्रीप्रकाश पाण्डेय ने आरोग्य स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिला उपाध्यक्ष और मुफ्तीगंज मंडल प्रभारी भाजपा नेता श्रीप्रकाश पाण्डेय ने आरोग्य मेले में आये मरीजों को डॉक्टर्स की उपस्थिति में आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया। बाद में ब्लॉक अधिकारीयों, भाजपा कार्यकर्ताओ और मंडल पदाधिकारियों की सहायता से मरीजों में फल वितरण कराया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर, वार्ड ब्वाय, नर्स, और अन्य संविदा कर्मी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष मछलीशहर और मंडल प्रभारी श्रीप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य कैंम्प से पूरा प्रदेश लाभान्वित हो रहा जिसके लिए हम सभी प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते है जिनके कुशल निर्देशन और प्रदेश संगठन के देखरेख में ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम किये जा रहें जिसका सीधा फायदा गरीब तबके को मिल रहा। मरीजों कि सेवा का परम सौभाग्य सबको नसीब नहीं होता यह केवल डॉक्टर और नर्सो को मिलता है इसलिए डॉक्टर को भगवान की श्रेणी में रखा गया है इसलिए डॉक्टर्स को अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओ को भी सम्बोधित किया और कहा कि अभी से 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियो में लग जाइये ताकि देश को फिर एक बार लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व मिल सके। इस अवसर पर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ता, विशिष्ट जन और साम्मानित जनता उपस्थित रही।

# मल्हनी बाजार का शाखा डाकघर बना उप डाकघर

**सोशल एक्टिविस्ट अजय कृष्ण के प्रयास से मिली सफलता**

**काम के लिए 25 किलोमीटर दूर शहर जाने से मिली राहत**

प्रखर जौनपुर। मल्हनी बाजार स्थित शाखा डाकघर को भारत सरकार ने उप डाकघर का दर्जा दे दिया।यह सफलता स्थानीय जर्रो गांव निवासी सोशल एक्टिविस्ट व एडवोकेट अजय कृष्ण बबलू सारंग के प्रयास से मिली। आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। एडवोकेट अजय कृष्ण बबलू सारंग ने पिछले विगत एक वर्ष से सरकार से मल्हनी डाकघर को तमाम समस्या दिखाते हुए उप डाकघर उन्नयन करने की मांग की थी और इसी क्रम में जौनपुर सदर के सांसद श्याम सिंह यादव को भी उन्होंने पत्र दिया था। सासंद श्याम सिंह यादव ने पहल करते हुए भारत सरकार के रेल संचार इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र दिया। उनसे मांग दिया कि मल्हनी बाजार एक बड़ी बाजार है और आसपास के सैकड़ो गांव से जुड़े हैं, यहां लोगों को सरकारी योजनाओं के साथ–साथ एनएससी किसान विकास पत्र स्पीड पोस्ट रजिस्ट्री योजना व अन्य संबंधित कार्य के लिए 25 किलोमीटर दूर शहर जाना पड़ता है। जिससे लोगों को तमाम समस्याएं होती हैं। इसलिए मल्हनी डाकघर को उप डाकघर कर दिया जाए। यह मल्हनी विधानसभा के नाम से भी जाना जाता है जिस क्रम में कैबिनेट मंत्री अश्विन वैष्णव ने विभाग को पत्र जारी करते हुए मल्हनी बाजार के डाकघर को उप डाकघर का दर्जा देते हुए उन्नयन कर दिया। जिसमें जौनपुर के डाक अधीक्षक परमानंद कुमार ने भी योगदान दिया। शोसल एक्टिविस्ट अजय कृष्णा बबलू सारंग के इस प्रयास की सभी लोगों ने सरहना की और उन्हें मिलकर बधाई दिया। इस अवसर पर सुनील यादव, दीपक, सुदर्शन, मुलायम ,मदनलाल अग्रहरि, गप्पू अग्रहरि, राजीव यादव, शशिधर, समर बहादुर प्रधान ,जय हिंद साहु, धारा चौहान, ऐमादुल हक, दिनेश, संजय गुप्ता ,प्रदीप कुमार, विनोद गुप्ता, दारा यादव ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी ।

# आयुष्मान भव साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का पालिका अध्यक्ष ने फिता काट कर दिया शुभारंभ



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नगर पालिका अध्यक्षा ओमप्रकाश केसरी ने आयुष्मान भवः साप्ताहिक स्वास्थ मेले का फीता काटकर किया उद्घाटन भाजपा द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भव साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र पर पालिका अध्यक्ष एवं प्रकाश केशरी व अन्य गणमान्य लोगों के साथ साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का पिता काटकर उद्घाटन करते हुए शुभारंभ किया कि अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक गड़ उपस्थित रहे।

# तीजोत्सव की रही धूम



प्रखर वाराणसी। बरनवाल तीजोत्सव कार्यक्रम महिला समिति वाराणसी द्वारा बरनवाल सेवा सदन, बड़ी पियरी पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई ।उसके बाद शिव विवाह प्रसंग महिलाओं द्वारा और मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया । महिलाओं के लिए मनोरंजन गेम भी कराया गया और बीच–बीच में फनी प्रश्न उत्तर का भी कार्यक्रम होता रहा, जिसका अध्यक्षा सुषमा कौशिक, मंत्री नीलू बरनवाल सहित अनेकों महिलाओं ने आनन्द उठाया ।

# मोदी के मन की बात को आयोजित कर भाजयुमो ने सुना





प्रखर रामनगर वाराणसी। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा योगी के नेतृत्व में श्री राम एकेडमी रामपुर विद्यालय में मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को आयोजित किया जिसमें मण्डल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या भाग ली मन की बात मे पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रयान–3 की सफलता के बाद जी–20 के शानदार आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया एवं चंद्रयान–3 महाक्विज में भाग लेने की अपील की पीएम मोदी ने देशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की भी याद दिलाई. उन्होंने कहा कि 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस है. पर्यटन को कुछ लोग सिर्फ सैर–सपाटे के तोर पर देखते हैं, लेकिन पर्यटन का एक बहुत बड़ा पहलू रोजगार से जुड़ा है. मेरा आप सबसे आग्रह है कि जब आप कहीं घूमने जाने की योजना बनाएं, तो ये प्रयास करें कि भारत की विविधता की दर्शन करें कार्यक्रम में युवाओं ने मन की बात के सम्बोधन में उत्तराखंड के युवा छात्रों के बारे में भी जाना जैसे घोड़ा लाईब्रेरी के बारे में चर्चा की मन की बात के कार्यक्रम के समापन के बाद मण्डल अध्यक्ष ने मण्डल की समीक्षा बैठक ली बैठक में शिर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा योगी, मण्डल उपाध्यक्ष आलोक कुमार, सत्यम पांडेय,धनंजय यादव,शिवम दूबे, विवेक दुबे, मण्डल द्वय महामंत्री सुचित पाठक, विकास बघेल, मण्डल मंत्री आनंद शर्मा,जय किशन जायसवाल, चंदन जायसवाल,अजय प्रताप सिंह, इंदू सिंह पटेल, शिल्पा तिवारी,रितुराज चौबे, राकेश तिवारी, आकाश गुप्ता, प्रिंस कस्यप, आकाश सेठ, उमेश मौर्या, अभिषेक मिश्रा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले के सभी बुथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना व देखा मन की बात कार्यक्रम का 105वां संस्करण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 105 वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के सभी बुथों पर सुना व देखा गया। सुहवल मंडल के देवा बैरन गांव के बुथ संख्या 320 पर जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने मन की बात सुनकर उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरित होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा में शामिल कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता लगातार सेवा समर्पित है। उन्होंने कहा कि आगामी दो अक्टूबर को प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता तथा खादी को प्रोत्साहन के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो आह्वान किया है, उसके लिए हमें तन्मयता से लगकर कार्य करना है। जंगीपुर विधानसभा के बुथ संख्या 284 राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज पर लोकसभा संयोजक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने मन की बात कार्यक्रम को देखते हुए कहा कि भारत कि प्रतिभा और विशेषताओं को प्रोत्साहित करने मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन कि बात कार्यक्रम का बहुत बड़ा महत्व और योगदान है। आज देश की खोई और विलुप्त हो रही लोक कला, सभ्यता और संस्कृति को पुनर्जीवित करने का अवसर मिला है। प्रतिभा और कुशाग्रता को स्थान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच मे शामिल हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 105 वें एपिसोड को शक्ति केंद्र व ग्रामसभा बरहट के बूथ संख्या 351 पर बूथ समिति के साथ सुने और कहा कि देश की लोक संस्कृति, लोक परम्परा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व काल में सुदृढ व मजबूत हुई है और यह प्रयास इसी तरह से चलता रहा तो आने वाले समय में भारत अपनी पुरातन संस्कृति को विश्व में स्थापित करने में सफल होगा। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने गाजीपुर सदर विधानसभा के बुथ संख्या 212 कपुरपुर पर उपस्थित रहकर मन की बात सुनी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। सकरताली मे जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा तथा सरैया छावनी लाइन बुथ पर अजीत सिंह के घर पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

# डॉ. नीरज अवस्थी बने भू एवं ग्रहीय के प्रभारी विभागाध्यक्ष



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के भू एवं ग्रहीय विभाग के डॉ. नीरज अवस्थी को विभाग का प्रभारी विभागाध्यक्ष नामित किया गया है। इस पद पर इसके पहले डॉ श्याम कन्हैया थे। इस अवसर पर डॉ. अवस्थी ने कहा कि वह विभाग के सभी शिक्षकों के सहयोग से विभाग में बेहतर शिक्षा एवं शोध का माहौल बनाने का प्रयास करेंगे और विभाग को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे। डॉ. अवस्थी इसके पूर्व में भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी), अहमदाबाद एवं भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), कानपुर में पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च वर्क कर चुके है। डॉ. अवस्थी विभाग के वरिष्ठ शिक्षक है जिन्होंने विभिन्न भू–रसायनों एवं समस्थानिकों का प्रयोग करते हुए भारत के भूविज्ञान से संबंधित कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शोध पत्र प्रकाशित किये है। शनिवार को डॉ. अवस्थी को रज्जू भैया संस्थान के निदेशक एवं भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने कार्यभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर प्रो. देवराज सिंह डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. आलोक वर्मा, संदीप वर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. नितेश जयसवाल, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. श्रवण कुमार, शशिकांत यादव, सौरभ कुमार सिंह , प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया सहित रज्जू भैया संस्थान व विश्वविद्यालय के अन्य

# पीयू के विधि छात्रों ने देखा लॉयर्स कांफ्रेंस का सीधा प्रसारण देखा




प्रखर जौनपुर। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा बार काउंसिल ऑफ इंग्लैंड एंड वेल्स, लॉ सोसाइटी ऑफ इंग्लैंड एवं कामनवेल्थ लॉयर्स एसोसिएशन के सहयोग से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 23 एवं 24 को आयोजित ष्इंटरनेशनल लॉयर्स कांफ्रेंसष के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा–प्रसारण विश्वविद्यालय परिसर स्थित आर्यभट्ट सभागार में किया गया। दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के सभी शिक्षक एवं सभी छात्र–छात्राए जिसके साक्षी बनें। ष्अंतरराष्ट्रीय लॉयर्स कांफ्रेंसष का उद्घाटन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड थे। इस कार्यक्रम को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री (कानून एवं न्याय) अर्जुन राम मेघवाल ने संबोधित किया।उद्घाटन कार्यक्रम के अतिरिक्त छरू टेक्निकल सेशन भी आयोजित हुआ, जिससे सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी लाभान्वित हुए। उक्त कांफ्रेंस के सीधा–प्रसारण कार्यक्रम में दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवराज सिंह, डा.वनिता सिंह (विभागाध्यक्ष), मंगला प्रसाद यादव (पूर्व निदेशक), डा दिनेश कुमार सिंह, डा इंद्रजीत सिंह, श्री प्रकाश यादव, डा प्रियंका कुमारी, डा अंकित कुमार, डा राजित राम सोनकर, डा प्रमोद कुमार, डा राहुल कुमार राय एवं विधि के सभी छात्र–छात्राए उपस्थित रहें।

## जौनपुर का जश्ने ईद मिलादुन्नबी 28 सितम्बर को, जिला प्रशासन अलर्ट


फाइल फ़ोटो

### जुलूस में माहौल खराब करने वाले की खैर नहीं – डीएम

**मोहम्मद अरशद**

प्रखर जौनपुर । मरकजी सीरत कमेटी और जिला प्रशासन ने कहा कि इस वर्ष जश्ने ईद मिलादुन्नबी 28 सितम्बर दिन गुरुवार को मनाया जायेगा। इस अवसर पर नगर के विभिन्न भागों में शिया व सुन्नी सम्प्रदाय द्वारा सजावट का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर साम्प्रदायिक संवेदनशीलता निरन्तर बनी रहती है, जिससे विशेष सतर्कता की आवश्यकता होती है। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने मीडिया को बताया जुलूस के मध्य नजर रखते हुए नगर मजिस्ट्रेट तथा समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट विशेष रूप से यह सुनिश्चित करेगे कि उनके अधिकार क्षेत्र में उक्त त्यौहार शान्तिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो। क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि उप जिला मजिस्ट्रेट तथा अन्य मजिस्ट्रेट जो शांति व्यवस्था कायम करने के लिए ड्यूटी पर लगाये जा रहे हैं। नगर जौनपुर के अतिरिक्त कस्बा शाहगंज, खेतासराय, केराकत, खुटहन, मुंगराबादशाहपुर, मछलीशहर, मड़ियाहूँ, बदलापुर, जफराबाद, नेवढ़िया, गौराबादशाहपुर, जलालपुर आदि हिन्दू मुस्लिम मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र होने के कारण साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील है। अतः इसमें विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। जश्ने ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई जाती है। उक्त के अतिरिक्त अन्य उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने मुख्यालय कोतवालीध्थाना पर उपस्थित रहकर शांति एवं विधि व्यवस्था सुनिश्चित करेगे। नगर मजिस्ट्रेट जौनपुर तथा क्षेत्राधिकारी (पुलिस) नगर साथ-साथ भ्रमणशील रहकर स्थिति की जानकारी प्रत्येक समय करते रहेंगे।

## आयुष्मान कार्ड अब सफेद राशन कार्ड धारकों को भी – पूर्ति निरीक्षक



प्रखर बदलापुर जौनपुर। पूर्ति निरीक्षक अभिनव मिश्रा ने बताया कि 5 यूनिट से अधिक वाले पात्र गृहस्थी (सफेद) राशन कार्डों के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड ष्आयुष्मान आपके द्वार 3.0ष योजना के अंतर्गत बनने लगा है। इसके अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। विदित है कि पूर्व में केवल अंत्योदय (लाल) राशन कार्ड धारको का ही आयुष्मान कार्ड बनता था, परंतु अब ऐसे सभी राशन कार्ड जिनमें पांच से अधिक यूनिट है वह अपने कोटेदारों के माध्यम से अथवा आशा, पंचायत सहायक के माध्यम से अथवा स्वयं से इमदमपिबपंतल.दीं.हवअ.पद पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं । पूर्तिनिरीक्षक मिश्र ने बताया कि इससे जिले के साढ़े आठ लाख यूनिट परिवार को फायदा मिलेगा।

## लावारिश लाश को कमेटी ने दफनवाया



प्रखर जौनपुर। मुस्लिम लावारिश लाश को दफनाने का नेक काम लावारिश लाश इंतेजामिया कमेटी पिछले लाक डाउन के बाद करीब दो साल से जौनपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रो से मिली लाशों को दफनवाने का काम कर रही है, जौनपुर शहर के उत्तर पश्चिम छोर पर रहने वाले साजिद अलीम के संरक्षण में लावारिश लाश दफनाने वाली कमेटी ने आज थाना सिकरारा से मिली एक लाश को मुस्लिम समुदाय की लाश होने के कारण पूरे इस्लामिक रीति रिवाज से दफनावाया अभी एक हफ्ते पहले ही सदर अस्पताल से प्राप्त एक शव को शहर के भुंदरा शाह रहमतुल्लाह अलैह स्थित कब्रिस्तान पर उक्त कमेटी ने कफन गुश्ल नमाजे जनाजा के बाद दफनाया था ,इससे पहले भी कई लावारिश लाश को उक्त कमेटी दफनवा चुकी है। यह कमेटी मुख्य रूप से रियाजुल हक,इरशाद मंसूरी,दानिश इकबाल,बख्तियार आलम,अब्दुल सलाम,कलीम सिद्दीकी,सेराज सिद्दीकी, ताज मोहम्मद,रिजवान,आदि लोगो की निगरानी में कायम हुई है।जो इस नेक काम को अंजाम दे रही है।कमेटी ने आम लोगो से गुजारिश की है की यदि किसी के भी निगाह में जौनपुर में कोई ऐसी लावारिश लाश मिलती है तो उसके अंतिम संस्कार के लिए उक्त कमेटी से राफ्ता कर सकते है।

## समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को सफल बनाता है–चन्दन



प्रखर जौनपुर। शहर स्थित ग्लोबल स्किल डेवलपमेंट संस्था में रविवार को मोटिवेशनल सेमिनार व छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि द्घय रियल हीरो की मिशाल पैदा करने वाले फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ व असिस्टेंट प्रोफेसर टी.डी. कॉलेज डॉ.अंजना सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व द्घीप प्रज्जवलित कर किया।संस्था की छात्रा दिव्या सोनकर व रश्मि जायसवाल के सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुयी।बतौर मुख्य अतिथि चन्दन सेठ ने कहा कि आगे मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है।उन्होने कहा कि सबसे बड़ी बात बच्चों ने मेहनत की है।इसके लिए आप सभी लकी है।बच्चों की इस जर्नी में सबसे अहम भूमिका अभिभावकों की रही है।साथ ही बच्चों को गढ़ने में शिक्षकों की भी बहुत बड़ा योगदान है।श्री सेठ ने कहा कि समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को सफल बनाता है।असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अंजना सिंह ने कहा कि लड़कियां भी किसी से कम नही है।आज के दौर में लड़कियां सफलता अर्जित कर आत्मनिर्भर बन रही है।ऐसे में किसी से अपेक्षा किए बिना सभी लड़कियां आत्मनिर्भर बने।शारीरिक,मानसिक रूप से ताकतवर बनने के लिए शिक्षित होना जरूरी है।जब तक सफलता नही मिल जाती,तब तक सभी प्रयास करते रहें।मेहनत करने वालों की कभी हार नही होती।सफलता उनके कदम चूमेगी।मोटिवेशनल सेमिनार में सम्मानित होने वाली छात्रा पूजा यादव,अल्का सामरिन,फात्मा असलम् खान को मुख्य अतिथि द्घय चन्दन सेठ व डा. अंजना सिंह ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।संस्था के डायरेक्टर इरफान खान ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दू भगवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह,संतोष यादव,प्रणव श्रीवास्तव, पंकज यादव,साजिद अंसारी,महेन्द्र यादव,प्रदीप चौहान इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## डी. ए. वी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी को मिली एलोपैथ फार्मेसी की मान्यता




प्रखर जौनपुर। आचार्य बलदेव ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कोपा ,पतरही,जौनपुर की एक और नई शाखा डी. ए. वी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी ( एलोपैथ ) नयनपुर पतरही जौनपुर,कॉलेज कोड–4356, पी. सी. आई. कोड –5645 की मान्यता प्राप्त होने से संपूर्ण क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया है। कॉलेज को फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया (PCI) से मान्यता प्राप्त है। तथा बोर्ड आफ टेक्निकल एजुकेशन उत्तर प्रदेश(ठज्म न्च्) से इसकी संबंधता हुई है। इस उपलब्धि के बाद सभी क्षेत्रवासी प्रबंधक अनिल यादव( मैनेजमेंट गुरु) उपाध्यक्ष स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन उत्तर प्रदेश को बधाई दे रहे हैं।महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य ने मैनेजमेंट गुरु को माला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर एक छोटे से बधाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के उमा शंकर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य,छोटे लाल यादव पूर्व प्रधान कोपा ,संजय पांडेय भाजपा मंडल अध्यक्ष डोभी,नित्यानंद दीक्षित,रमेश यादव जिला पंचायत सदस्य , बहिरी ग्राम प्रधान बृजेश यादव,रेहारी ग्राम प्रधान नखड़ू सिंह,कोपा ग्राम प्रधान चंद्रकेश जायसवाल, नयनपुर ग्राम प्रधान गुड्डू यादव, सुरेंद्र जायसवाल मूलचंद मौर्य, रामप्रवेश सिंह ,राहुल दीक्षित, साहब चौबे, गोपाल शर्मा, आदि सभी ने मैनेजमेंट गुरु को बधाई दिये । मेनेजमेंट गुरु ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दो वार्षिक डिप्लोमा कोर्स से क्षेत्र छात्र छात्राओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे तथा भविष्य में और रोजगार परक कोर्स प्रारंभ करने का प्रयास होगा जिससे हमारा पूरा ग्रामीण क्षेत्र लाभान्वित होगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर महाविद्याल परिवार के डां संतोष यादव, डां कमलेश कुमार, डां भानु शंकर, डां अन्नू,संतोष कुमार गोंड, इंद्रसेन यादव,पंकज मिश्रा,राहुल यादव,संत यादव,रमेश यादव,सुंदरम,परमेश,राजू,अरविंद आदि उपस्थित रहे।

## काशी द्वार योजना को लेकर किसानों के साथ संयुक्त वाम मोर्चा ने सभा कर दी चेतावनी



प्रखर पिंडरा वाराणसी। संयुक्त वाम मोर्चा के तत्वाधान मे खेत मजदूर यूनियन व संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ एक संयुक्त सभा रमईपुर स्थित सब्जी मंडी में रविवार में हुई। बैठक में सरकार काशी द्वार योजना को निरस्त करने तथा किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देंगे। किसानों ने अपनी समस्या को लेकर 11 अक्टूबर को लखनऊ चलो का नारा दिया। इस मौके पर वामपंथी नेताओं ने सरकार के ऊपर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार स्मार्ट सिटी बना रही है स्मार्ट गांव क्यों नहीं बनाती ? सभा के अंत में कामरेड स्वर्गीय श्याम नारायणा सिंह पटेल जो खेत मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष थे। गत दिनों हुए उनके निधन पर एक शोक सभा कर 2 मिनट मौन रख श्रद्धांजलि दी। सभा की अध्यक्षता कामरेड रामराज व संचालन लक्ष्मण पटेल ने किया। इस दौरान संयुक्त मोर्चा के नंदाराम शास्त्री, अमरनाथ, जयशंकर सिंह, रामजी सिंह, श्याम सिंह लाल, डाव बलिराज राजभर,फतेहनारायन पटेल,दुर्गा प्रसाद पटेल, शत्रुघ्न पटेल, अजीत पाठक,भरत पाठक दुर्गावती, चंद्रावती सितारे गोड, निर्मला देवी ,वंदना देवी, मंजू देवी, श्याम दुलारी देवी, गुलाबी देवी सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने सुनी मन की बात




प्रखर पुर्वांचल गोरखपुर। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 105 वें संस्करण की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान 3 की चर्चा करते हुए की। मोदी जी ने लोगों से चंद्रयान–3 महाक्विज से जुड़ने का आह्वाहन करते हुए इसके शानदार आयोजन,इसकी उपलब्धियां तथा भारत मंडपम की भव्यता का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने बताया की जी–20 सम्मेलन के दौरान प्राचीन व्यापारिक मार्ग सिल्क रोड की तर्ज पर इंडिया मिडल ईस्ट कॉरिडोर की स्थापना की जा रही है जिससे सदस्य देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी।इस सम्मेलन के तहत यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम के द्वारा सभी छात्रों को एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय को जुड़ने का मौका मिलेगा।आगामी 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर लोगों से भारत में स्थित वर्ल्ड हेरिटेज साइट पर जाने तथा उसके ग्लोबलाइजेशन का प्रयास करने का आग्रह किया। आगामी महात्मा गांधी जयंती की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जी–20 सम्मेलन के दौरान दुनिया के सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष ने एक साथ राजघाट पर पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया जिससे गांधी वांगमय की व्यापकता का पता चलता है।गांधी जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहेष्स्वच्छता ही सेवा सप्ताहष्के अंतर्गत लोगों को अपने आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए आगामी त्योहारों की चर्चा की तथा अपनी बात समाप्त की। आज के कार्यक्रम में बूथ नंबर 20 पर भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे,ब्लाक प्रमुख शशी प्रताप सिंह, शिवचरण प्रसाद,मंडल संगठन मंत्री त्रयम्बक उपाध्याय, दिनेश मिश्रा ,विजय मिश्रा,राजेश मिश्रा सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं अपने–अपने बूथ पर मन की बात सुनी ।

## उर्वरक की फर्जी बिक्री पर होगी कठोर कार्यवाही– डीएम

प्रखर संतकबीरनगर। समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि किसानों को उर्वरक बिक्री उनके निर्धारित भूमि जोत एवं बोई जाने वाली फसल के अनुपात में करें एवं किसानों को उर्वरक क्रय की रसीद दें। यह संज्ञान में आया है कि उर्वरक कंपनियों एवम थोक उर्वरक विक्रेताओं के कहने पर फुटकर उर्वरक विक्रेता फर्जी उर्वरक बिक्री कर रहे हैं । समस्त उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया जाता है कि किसी के कहने पर, किसी प्रकार के प्रलोभन में फर्जी उर्वरक की बिक्री न करें । उर्वरक बिक्री सूचना उर्वरक बिक्री केंद्रवार किसानवार प्रतिदिन प्राप्त हो रही है, जिस उर्वरक विक्रेता के द्वारा फर्जी उर्वरक बिक्री का कार्य किया जाएगा, तो संबंधित के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 05 अदद अवैध देशी तमंचा व कारतूस के साथ बिना नम्बर की मोटरसाइकिल सवार 02 अभियुक्त गिरफ्तार



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। उप–निरीक्षक दिलीप कुमार गुप्ता अपराधियों किधर पड़ हेतु पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में अगस्त कर रहे थे तभी पुलिस टीम को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से सघन वाहन चेकिंग कर बिना नम्बर की मोटरसाइकिल पर सवार 02 अभियुक्तों 1.शुभम तिवारी, 2.शिवम तिवारी पुत्रगण संजय तिवारी निवासी तोसवा थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 01–01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 01–01 अदद जिंदा कारतूस सहित पिट्ठू बैग में रखे अन्य 03 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0–201/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया तथा मौके से बरामद बिना नम्बर की मोटरसाइकिल होण्डा साइन का वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया ।

## एग्रो पार्क परिसर में कार व बाइक में हुई भिड़त, बाइक सवार की मौत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियाव स्थित एग्रो पार्क परिसर में शनिवार की सायँ 5 बजे के लगभग कार व बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। बताते हैं कि परिसर में स्थित एक फैक्ट्री का कर्मचारी शमीम अहमद तेज गति से रोड न0 5 से आया और मुड़ना चाह रहा था तभी सामने से आ रहे कार से भिड़त हो गई। घायलावस्था में उसे एक निजी अस्पताल से रेफर होने के बाद ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे तभी रास्ते मे उसकी मौत हो गई। कार औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कम्पनी के मालिक की बताई जा रही है और कार ड्राइवर चला रहा था। घटना के बाद ड्राइवर भाग गया। पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त कार व बाइक को थाने लाई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि हवा में उड़ते हुए कार के ऊपर बाइक सवार गिरते हुए सड़क पर गिरा। जिससे उसे सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गम्भीर चोटे आई। मृतक जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी शमीम अहमद (32 वर्ष) बताया जाता है, और वह एक ब्रेड बनाने वाली कम्पनी में काम करता था।

## भागवत परम कल्याण का पाथेय – आचार्य विजय शंकर मिश्र

प्रखर पराऊगंज जौनपुर। मानव जीवन नाशवान है । इसके नाश का साधन साथ ही लगा है मन की चंचलता और अज्ञान की निवृत्ति के लिए भागवत श्रवण की उपादेयता सर्वकालिक है। मानव जीवन के परम कल्याण का पाथेय है। उक्त बातें मकरा गांव मे पंडित कैलाश नाथ दुबे के पैतृक आवास पर चल रहे संगीतमय भागवत कथा का माहात्म बताते हुए काशी से पधारे आचार्य विजय शंकर मिश्र ने प्रहलाद चरित्र एवं समुद्र मंथन का वर्णन करते हुए बताया कि पंचतत्व से बना यह मानव शरीर को दुर्व्यसन का शिकार न बनाये। अज्ञानता के कारण ही हम भटक रहे हैं। कथा के आरंभ में मंचस्थ व्यास का अभिनंदन पंडित ओंकार नाथ दुबे ने किया। उक्त अवसर पर आचार्य मनीष कुमार दीक्षित अमन पांडे सर्वेश पांडे गौरव दुबे दिलीप कुमार तिवारी समेत ओंकार नाथ दुबे जड़ावती देवी केदारनाथ दुबे रामदेव देवी प्रशांत दुबे उपमा देवी अभिषेक दुबे स्मिता देवी विजय श्याम दुबे पुष्पा देवी दुर्गेश दुबे प्रतिमा देवी उत्कर्ष दुबे राजेश प्रिंस वैभव पियूष हर्ष शौर्य पंडित श्री भूषण मिश्र राम सुमेर मिश्र समेत क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों की संयुक्त बैठक हुई संपन्न



प्रखर पुर्वांचल गोरखपुर। पाली विकास खंड कार्यालय पर आयोजित प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यो की बैठक में गोरखपुर मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र पांडेय ने कहा कि आगामी 6अक्टुबर को लखनऊ चलो अभियान के तहत ईको गार्डेन में पहुंचने की अपील किया,ब्लाक प्रमुख पाली शशिप्रताप सिंह उपस्थिति में सदस्यों से अपनी समस्याओं को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में राजधानी पहुंचने कि अपील की। इस मौके पर मंडल महामंत्री संतोष पासवान,जिलाध्यक्षा अविनाश प्रताप सिंह, व मुकेश कुमार कनौजिया समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं